THE AMERICAN COLLEGE, MADURAI

(An Autonomous Institution Affiliated to Madurai Kamaraj University)

Re-accredited (2nd Cycle) by NAAC with Grade "A", CGPA – 3.46 on a 4-point scale

Backlog Arrear Examination, March 2021

Course code: HIN/HIS 2216/2324/2304/2314 **Marks: 60**

Course Title: General Hindi IV **Time: 2hrs**

निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **4x15=60**

1. किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।

a. दाता-भाग्य विधाता से क्या पाते?
घूँट आँसुओं के पीकर रह जाते।
चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए !

b. राजा बसन्त, वर्षा ऋतुओं की रानी,
लेकिन, दोनों की कितनी भिन्न कहानी !
राजा के मुख में हँसी, कंठ में माला,
रानी का अन्तर विकल, दृगों में पानी ।

2. 'भिक्षुक' or 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का सारांश लिखिए। (Write an Essay)

3. a. संबंधबोधक के बारे में लिखिए ।

b. विस्मयादिबोधक की परिभाषा देकर उदाहरण के साथ समझाइए ।

4. a. सही सुमेलित कीजिए ।

i. समुच्चयबोधक - के पास
ii. राजा-रानी - निराला
iii. विस्मयादिबोधक - Conjunction
iv. भिक्षुक - दिनकर
v. स्थानवाचक - छिः छिः!

b. निम्नलिखित शब्दों का सही उपसर्ग और प्रत्यय को चुनकर लिखिए ।

(वि, अ, अनु, नि, स, ता, ई, वाला, कार, ईला)

वाद	जय	डर	फल	हिंसा
चमक	दूध	कहानी	सुंदर	कामयाब

5. a. हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (Translate into Hindi)

i. I went to the market yesterday.
ii. He will go after three hours.
iii. We love our country
iv. The train left at 10 O' clock.
v. Bring a cup of tea for me.

b. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। - (Translate into English)

i. तुम किताब लाओ।

ii. हम कहानी सुनते हैं।

iii. लड़कियाँ खेल रही हैं।

iv. वह पाठ लिखता है।

v. वे एक अध्यापक हैं।

c. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ।

दिल्ली भारत की राजधानी है । यह यमुना नदी के तट पर स्थित है । यह हरियाणा और उत्तर प्रदेश से घिरा हुआ है । यहाँ कुतुब मीनार , लाल किला , ताजमहल आदि हैं । इसके अलावा संसद भवन , केंद्रीय सचिवालय भी प्रसिध्द हैं । दिल्ली एक खूबसूरत शहर है । लेकिन यह महानगर बहुत भीड और प्रदूषित होता जा रहा है ।

6. गद्यांश को 1/3 में लिखिए। (Give Suitable Title and Write the Passage in 1/3)

क्रिसमस खुशी का पर्व है, जो प्रभु ईसा मसीह के जन्म के उत्सव के रुप में मनाया जाता है। 25 दिसंबर को वह दिन माना जाता है जब प्रभु यीशु ने मैरी और जोसेफ नाम के दंपत्ति के यहां बेथलहम में जन्म लिया था। यीशु शब्द का अर्थ है कि लोगों को पाप से बचानेवाला । ऐसा माना जाता है कि यीशु का जन्म मानवता और लोगों के भलाई के लिए हुआ था, इसीलिए लोग इस दिन को इतने उत्साह के साथ मनाते हैं। क्रिसमस ईसाई धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। भले ही यह एक ईसाई धर्म का पर्व हो लेकिन गैर ईसाई धर्मों के लोग भी इसे काफी जोश और उत्साह के साथ मनाते है। क्रिसमस वह त्योहार है जो लोगों में प्यार-मोहब्बत और भाई-चारा बढ़ाता है। यहीं कारण है कि लोग क्रिसमस के त्योहार से एक दिन पहले 24 दिसंबर के शाम से ही एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं देना शुरु कर देते है। यह वह समय होता है जब लोग अपने दोस्तों और परिवारों से मिलते है तथा अपने आपसी प्यार-मोहब्बत और एकता को बढ़ाते है। क्रिसमस का यह त्योहार हमें ईसा मसीह द्वारा सिखाये गये क्षमा, भाईचारा और त्याग जैसे बातों का बोध कराता है, जिन्हें हम अपने जीवन में अपनाकर मनावता को तरक्की के पथ पर अग्रसित कर सकते है।